भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3269

सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)

कर्नाटक के शिवमोग्गा में ईएसआईसी अस्पताल को पूरा करने में विलंब

3269. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शिवमोग्गा में ईएसआईसी अस्पताल को पूरा करने में देरी, जिसे 2019 में मंजूरी दी गई थी और 15 महीने की समय-सीमा के साथ अप्रैल 2021 में निर्माण शुरू हुआ था, के क्या कारण हैं;

(ख) क्षेत्र में श्रमिकों और निवासियों के लिए समय पर स्वास्थ्य देखभाल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उक्त अस्पतान को तेजी से पूरा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त अस्पताल को पूरा करने के लिए एक संशोधित समय-सीमा निर्धारित की है और भविष्य में देरी से बचने के लिए कोई उपाय किए हैं ताकि शिवमोग्गा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लाभ के लिए यह अस्पताल शुरू हो सके; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): शिवमोग्गा में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल के निर्माण में मुख्य रूप से कोविड महामारी प्रतिबंधों, साइट पर कठोर चट्टान की परत, जिसे नियंत्रित विस्फोट द्वारा हटाने की आवश्यकता थी, "नियंत्रित विस्फोट कार्य" के संचालन के लिए स्थानीय अधिकारियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में देरी आदि के कारण देरी हुई।

निर्माण कार्य को जमा कार्य के आधार पर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया है। भौतिक प्रगति 52% है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) कार्यों के त्वरित निष्पादन के लिए सीपीडब्ल्यूडी के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित कर रहा है।

******